Bharat Temples

सारे जग का है वो रखवाला,
हाँ मेरा भोला है जग से निराला,
भोला शंकर है जग से निराला,
बम भोला, बम भोला,
बम भोला, बम भोला, बम भोला।।

एक चोर खड़ा शिव मंदिर में,
पाप था उसके अंदर में,
घंटा आया उसे नज़र,
जो था शिव जी के ऊपर
लेकिन था काफी ऊँचा,
उस तक वो कैसे पहुंचे,
कैसा लालच ने चक्कर में डाला,
हाँ मेरा भोला है जग से निराला,
बम भोला, बम भोला,
बम भोला, बम भोला, बम भोला।।

उपाय समझ जब आता है,
चोर खड़ा मुस्काता है,
शिव मूरत पर वो चढ़कर,
हाथ लगाया घंटे पर,
घंटा घन घन बोल उठा,
चोर का मनवा डोल उठा,
वहां प्रगट हुआ डमरू वाला,
हाँ मेरा भोला है जग से निराला,

बम भोला, बम भोला,
बम भोला, बम भोला, बम भोला।।

मांग मांग बोले शंकर,
ले ले तू मनचाहा वर,
चोर खड़ा कांपे थर थर,
देख रहा इधर उधर,
मैं तो चोर उचक्का हूँ,
झूठा कपटी पक्का हूँ,
बाबा सचमुच है तू भोला भाला,
हाँ मेरा भोला है जग से निराला,
बम भोला, बम भोला,
बम भोला, बम भोला, बम भोला।।

कोई मेवा मोदक लता है,
कोई चन्दन मुझपे चढ़ाता है,
पर तूने तो अपना तन,
कर दिया मुझको अर्पण,
तू भक्त है मेरा चोर नहीं,
तेरे जैसा और नहीं,
झट बोले यूँ दीन दयाला,
बम भोला, बम भोला,
बम भोला, बम भोला, बम भोला।।

सारे जग का है वो रखवाला,
हाँ मेरा भोला है जग से निराला,
बम भोला, बम भोला,
बम भोला, बम भोला, बम भोला।।

Source: https://www.bharattemples.com/sare-jag-ka-hai-wo-rakhwala-in-hindi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw